# ANNUAL EXAMINATION 2015-16

## SUB: Hindi

## Class : VIII

**Time : 3 Hrs.** **MM: 100**

**प्र.1 सभी विकल्प चुनकर लिखिए।**

क. 'वन' का पर्यायवाची शब्द है।

1. गिरि 2. अरण्य 3. तटिनी 4. अचल

ख. इतिहास से सम्बंधित शब्द के लिए प्रयुक्त होगा।

1. इतिहासिक 2. ऐतिहासिक 3. ईतिहासिक 4. येतिहासिक

ग. वसीयतनामें के विषय में जानकर पंचों को शक था।

1. वसीयतकर्ता मूर्ख था 2. भूल से उससे गलती हो गई

3. तीन बेटे असली हैं और एक बेटा उसका नहीं है

घ. महेश्वर नगरी नदी के तट पर है।

1. नर्मदा 2. चम्बल 3. सोन 4. बेतवा

ड. सत्याग्रह शब्द का संधि विच्छेद है।

1. सत्य + ग्रह 2. सत्य + आग्रह 3. सत्या + ग्रह 4. सत्याग + रह

**प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

1. सम्राट विक्रमादित्य ने ............................ सवत् का प्रचलन प्रारम्भ किया था।
2. महेश्वर को सूर्यवंश के राजा ........................... ने बसाया था।
3. भगवान राम ......................... से ही विजय प्राप्त करने पर बल देते हैं।
4. रौद्र रस का स्थायी भाव ..........................है।
5. महाराजा की बातों से ........................विश्वास हो गया।

**प्र.3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए।**

1. नर्मदा के तट पर किला और शिव मन्दिर किसने बनवाया था?
2. वसीयतनामें में क्या लिखा था?

3. बीरबल की पत्नि को संदूक में कौन–सी आश्चर्य में डालने वाली वस्तु मिली?

4. रेड क्रास के सदस्य क्या कार्य करते हैं?

5. सालिम अली ने कौन–से पक्षी को खोज निकाला?

6. गीता में कुल कितने श्लोक हैं?

**प्र.4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए।**

1. राजा आनन्दपाल के मन में किस प्रसंग को सुनकर हलचल मची और क्यों?

2. बहादुर बेटा किसे कहा गया और क्यों?

3. आत्म शक्ति और बाह्य शक्ति में अंतर स्पष्ट कीजिए?

4. झगड़े का कारण क्या था?

5. पाषाणकालीन सभ्यता के लोग अपना जीवन किस प्रकार व्यतीत करते थे?

**प्र.5 निम्नलिखित पंक्तियों का भावर्थ लिखिए।**

जब कठिन कर्म पगडंडी पर,

राही का मन उन्मन होगा,

जब सपने सब मिट जाएँगे,

कर्तव्य मागे सम्मुख होगा।

**अथवा**

चलेउ निसाचर कटकु अपरा।

चलुरंगिनी अनी बहु धारा।।

बिविध भाँति बाहन रथ जाना।

बिपुल बरन पताक ध्वज नाना।।

**प्र.6 निम्नलिखित शब्दों के तत्सय रूप लिखिए।**

पाँव, नया, किसान, बूढ़ा, बुढ़िया

**प्र.7 निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।**

टस से मस न होना, पहाड़ टूट पड़ना

**प्र.8 निम्नलिखित गद्यांश में विराम चिन्ह् लगाइए– ("–। ?)**

क्या संदीप जी का मकान यही है जी संदीप कहाँ है संदीप कैसा है वह आप शायद उनकी माँद हैं चिंता न कीजिए कोई विशेष बात नहीं है

**प्र.9 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

''मेरे स्वराज्य का ध्येय अपनी सभ्यता की विशेषता को अक्षुण्ण बनाए रखना है। मैं बहुत–सी नई बातों को लेना चाहता हूँ पर उन सबको भारतीयता का जामा पहनना होगा। भारत ने पूर्ण स्वत्रंता प्राप्त कर ली है ऐसा कहा जा सकेगा, जब जनता यह अनुभव करने लगेगी कि उसे अपनी उन्नति करने तथा रास्ते पर चलने की आजादी है।''

1. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए?
2. स्वराज्य का ध्येय क्या है?
3. पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त कर ली, ऐसा कब कहा जा सकेगा।

**प्र.10 अपने क्षेत्र में लाउडस्पीकर से होने वाले ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए शिकायती पत्र जिला कलेक्टर को लिखिए।**

**अथवा**

**स्थानान्तरण प्रमाण– पत्र हेतु आवेदन पत्र लिखिए।**

**प्र.11 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।**

1. पुस्तकालय का महत्व
2. विज्ञान के चमत्कार
3. विद्यार्थी जीवन में अनुशासन